कार्यालय अधिष्ठाता छात्र कल्याण

सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

मेरठ – 250110 (उ०प्र०)

डॉ० डी० के० सिंह
अधिष्ठाता छात्र कल्याण

पत्रांक सं० : सवप/अ०छा०क०/2024/ 1218
दिनांक : 19–06–2024

नोडल अधिकारी, सुरक्षा
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं
प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ।

महोदय,

कृपया अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय के छात्रावासों में निवासरत छात्राओं द्वारा विगत कुछ दिनों से विश्वविद्यालय परिसर में प्रातः भ्रमण (Morning Walk) हेतु सुबह 06:00 बजे से 07:00 बजे तक की माँग की जा रही है। उक्त के सम्बन्ध में अधिष्ठाता, कृषि/जैव प्रौद्योगिकी/उद्यान/पोस्ट हार्वेस्ट/स्नातकोत्तर आदि से वार्ता कर सहमति प्राप्त कर ली गई है।

अतः उपरोक्त के आलोक में छात्राओं के अनुरोध एवं वर्तमान में गर्मी को देखते हुए छात्राओं को माह अक्टूबर तक इस प्रतिबन्ध के साथ अनुमति प्रदान की जाती है कि वे विश्वविद्यालय के गेट नं०–04 एवं मुख्य द्वारा से इस दौरान (06:00 – 07:00) बाहर नहीं जायेंगी व छात्रायें मुख्य खेल–कूद मैदान एवं छात्रावास के आस–पास ही प्रातः भ्रमण (Morning Walk) करेंगी।

विषय आपको सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

19/06/24

(डी० के० सिंह)

प्रतिलिपिः–

1. समस्त गर्ल्स छात्रावास अधीक्षकों को सूचनार्थ प्रेषित।
2. समस्त मुख्य छात्रावास अधीक्षकों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3. सह अधिष्ठाता छात्र कल्याण (छात्रावास) को सूचनार्थ प्रेषित।
4. कुलसचिव, सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ।
5. जनसम्पर्क अधिकारी को माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ प्रेषित।

19/06/24

(डी० के० सिंह)